
# हम नन्हे नन्हे बच्चे हैं



हम नन्हे नन्हे बच्चे हैं
बढ़ते ही जाएँगे,
पर बाधाएँ जो भी आएँ,
उनसे टकराएँगे,
हम नन्हे नन्हे बच्चे हैं
बढ़ते ही जाएँगे ।


हम तेज़ हवा के झोंके हैं
कभी हाथ न आएँगे,
सागर की लहरों से हम
घुलमिल जाएँगे,
हम नन्हे नन्हे बच्चे हैं
बढ़ते ही जाएँगे ।





हम ठंडे-मीठे झरने हैं
झर-झर कर गाएँगे,
हम सूरज बन दुनिया का
अंधकार मिटाएँगे,
हम नन्हे नन्हे बच्चे हैं
बढ़ते ही जाएँगे ।

हम रंग-बिरंगे फूल बने
खुशबू फैलाएँगे,
भारत माँ की बगिया को
खिल-खिल महकाएँगे,
हम नन्हे नन्हे बच्चे हैं
बढ़ते ही जाएँगे ।



### शब्द-अर्थ :

नन्हे - छोटे;

बाधा - रुकावट

राह - रास्ता

टकराएँगे - भिड़ जाएँगे

तेज - वेगवान

सागर - समुद्र

घुलमिल जाएँगे - हिलमिल जाएँगे

अंधकार - अंधेरा

रंग-बिरंगे - अनेक रंगोंवाले

खुशबू - सुवास, सुगंध

बगिया - बगीचा

महकाएँगे - खुशबू फैलाएँगे

## अभ्यास

### सोचो और बताओ :

१. यह कविता कौन गा रहे हैं?

२. बच्चे कैसे हैं ?

३. बाधाएँ आने से बच्चे क्या करेंगे ?

४. तेज हवा के रूप में बच्चे क्या करेंगे ?

५. बच्चे सागर की लहरों से क्या करना चाहते हैं?

६. बच्चे सूरज बनकर क्या करना चाहते हैं?

७. बच्चे खुशबू कैसे फैलाएँगे ?

८. बच्चे किसे महकाएँगे ?

१. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :

क) हम तेज —— हैं

कभी हाथ ——।

ख) हम —— झरने हैं

—— गाएँगे ।

ग) हम —— दुनिया का

—— मिटाएँगे ।

## जोड़े :

१. जोड़े मिलाओ और ये कैसे हैं जानो :

| | | |
|---|---|---|
| फूल | चमकता | रंग-बिरंगे फूल |
| झरने | नन्हे-नन्हे | ______ |
| बच्चे | रंग-बिरंगे | ______ |
| सूरज | तेज | ______ |
| हवा के झोंके | ठंडे मीठे | ______ |

## एक और अनेक :

२. निम्नलिखित उदाहरणों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :

क) नन्हा बच्चा - नन्हे बच्चे

हवा का झोंका - हवा के झोंके

ठंडा मीठा झरना - ठंडे मीठे झरने

मीठा सपना - ______

नाटा लड़का - ______

पका केला - ______

पुराना पंखा - ______

पीला पपीता - ______

ख) बाधा - बाधाएँ

लता - ________

माला - ________

शाखा - ________

________ - दवाएँ

________ - कविताएँ

## घेरा लगाओ

३. सही शब्द पर घेरा लगाओ :

क) हम बाधाओं से बढ़ते ही जाएँगे / टकराएँगे ।

ख) हम सागर की लहरों से टकराएँगे / घुलमिल जाएँगे ।

ग) हम सूरज बनकर दुनिया का अंधकार / दु:ख मिटाएँगे ।

घ) हम रंग-बिरंगे फूल बने पराग / खुशबू फैलाएँगे ।

४. **इन शब्दों के अर्थ लिखो : -**

नन्हा - ________________

बाधा - ________________

सागर - ________________

हवा - ________________

खुशबू - ________________

## हम जान गए :

हम जानते हैं कि 'अ' से 'औ' तक स्वर वर्ण हैं ।

और 'क' से 'ह' तक व्यंजन वर्ण ।

व्यंजन वर्ण को क, ख - ऐसे लिखना चाहिए ।

क = (क् + अ)      ख = (ख् + अ) हैं

व्यंजन वर्ण के साथ जो स्वर मिलकर आते हैं, उन्हें मात्रा कहते हैं;

जैसे क् + उ = कु, क् + ए = के, म् + ऊ = मू, म् + औ = मौ

(शिक्षक इसे समझा दें। उच्चारण करके सभी मात्राओं को सिखाएँ।)

## समझो और लिखो :

१. को = क् + ओ      मि = ______      तै = ______

तू = ______      पृ = ______      यो = ______

जा = ______      गी = ______      कं = ______

रु = ______      चे = ______      पः = ______

२. 'ऊ' की मात्रा लगाकर शब्द पूरे करो :

सरज ______      रप ______

आल ______      भख ______

खब ______      पँछ ______

भप ______      चहा ______

झाड़ ______      भाल ______